देश में अनाथालय

1164. **श्री शरद यादव** : क्या **कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 दिसम्बर, 1987 की स्थिति के अनुसार देश में कुल कितने अनाथालय थे और इन अनाथालयों से कितने अनाथ बच्चे लाभ उठा रहे थे ;

(ख) इन अनाथालयों की कार्य-प्रणाली तथा उनमें भ्रष्टाचार के संबंध में 31 दिसम्बर, 1987 तक केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों को कितनी शिकायतें प्राप्त हुई ;

(ग) इस प्रकार प्राप्त शिकायतों में कितने कर्मचारी दोषी और कितने कर्मचारी निर्दोष पाये गये ;

(घ) क्या केन्द्रीय सरकार इन अनाथालयों को कोई अनुदान देती है ; और

(ङ) यदि हां, तो 1987–88 में किस-किस को अनाथालय अनुदान दिया गया और उनमें से प्रत्येक अनाथालय को कितना-कितना अनुदान दिया गया ?

कल्याण मंत्रालय में उपमंत्री (श्रीमती सुमति ओरांव) : (क) से (ङ) राज्य सरकारों तथा केन्द्र शासित प्रदेश प्रशासनों से सूचना एकत्र की जा रही है।

केन्द्रीय भंडारण निगम में भ्रष्टाचार

1165. **श्री शरद यादव** : क्या **खाद्य और नागरिक पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को केन्द्रीय भांडागारण निगम में भ्रष्टाचार तथा लापरवाही के संबंध में कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं ।

(ख) यदि हां, तो इस उपक्रम में 1985–86, 1986–87 और 1987–88 के दौरान ऐसे कितने मामलों की रिपोर्ट मिली ;

(ग) क्या यह सच है कि फोकटपारा, देवेन्द्रनगर स्थित केन्द्रीय भांडागारण निगम के गोदाम से पामोलीन के गायब होने की सूचना है ;

(घ) यदि यहां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) इसमें कौन कौन से अधिकारी दोषी पाये गये हैं और उनके विरूद्ध अब तक की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में उपमंत्री (श्री डी.एल. बैठा) : (क) जी, हां ।

(ख) सरकार/सेंट्रल वेयर हाउसिंग कारपोरेशन में निगम में भ्रष्टाचार और लापरवाही से संबंधित प्राप्त शिकायतों की संख्या 1985–86 के दौरान 49, 1986–87 के दौरान 43 और 1987–88 के दौरान 39 थी ।

(ग) जी, हां ।

(घ) और (ङ) जांच-पड़ताल से विदित हुआ है कि वेयरहाउस में भरे हुये टिनों के इर्द-गिर्द पामोलीन तेल के 655 खाली टिन रखे हुये थे । इनके अलावा, पामोलीन तेल के 5 टिन गायब पाये गये थे । संबंधित वेयरहाउस मैनेजर और चौकीदार को मुअत्तल कर दिया गया है और उनके विरूद्ध अनुशासकीय कार्रवाई शुरू की गई है ।

चीनी नीति का संशोधन

1166. **श्री मीर्जा इर्शादबेग** : क्या **खाद्य और नागरिक पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को हाल ही में विद्यमान चीनी नीति में संशोधन करने के